# छत्तीसगढ़ विकास योजनाओं की समीक्षा

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **केंद्रीय विद्युत तथा आवासन और शहरी** कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के लिये **विद्युत तथा शहरी विकास क्षेत्र** में चल रही वर्तमान योजनाओं एवं प्रस्तावों की समीक्षा की।

## मुख्य बिंदु:

- बैठक में केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि **राज्य और केंद्र सरकार के बीच बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ के विकास में तेज़ी आएगी।**
- बैठक में जिन योजनाओं की समीक्षा की गई उनमें **प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम ई-बस सेवा, स्मार्ट सिटी मिशन और आवासन एवं शहरी मामलों के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी विकास मिशन** शामिल हैं।

### पीएम स्वनिधि (PM-SVANidhi)

- **इसे 1 जून, 2020 को लॉन्च किया गया था।**
- यह एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** है अर्थात् यह **आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय** द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित योजना है, इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:
  - कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना
  - नियमित पुनर्भुगतान को प्रोत्साहित करना
  - डिजिटल लेन-देन हेतु पुरस्कृत करना
- क्रमशः **10,000 रुपए और 20,000 रुपए** के **पहले एवं दूसरे ऋण के अलावा 50,000 रुपए** तक के तीसरे सावधि ऋण की शुरुआत की गई है।
- यह ऋण संपार्श्विक या कोलेट्रल के बिना प्रदान किया जाएगा।

## अमृत योजना (AMRUT Scheme)

- **कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिये अटल मिशन (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation- AMRUT)** 25 जून, 2015 को देश भर के 500 चयनित शहरों में शुरू किया गया था, जिसमें **लगभग 60% शहरी आबादी को कवर** किया गया।
- **मिशन का लक्ष्य बुनियादी ढाँचे को बढ़ाना** और चयनित शहरों क्षेत्र में सुधारों को लागू करना है, जिसमें जलापूर्ति, सीवरेज, जल निकासी, हरित स्थान, गैर-मोटर चालित परिवहन तथा क्षमता निर्माण शामिल हैं।

## स्मार्ट सिटीज़ मिशन (SCM)

- यह एक **केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे जून 2015 में "स्मार्ट सॉल्यूशंस"** के अनुप्रयोग के माध्यम से नागरिकों को जीवन की गुणवत्ता और स्वच्छ तथा **संवहनीय वातावरण** प्रदान करने के लिये, **100 शहरों के आवश्यक बुनियादी ढाँचे को बदलने** के लिये प्रारंभ किया गया था।
- इसका उद्देश्य **सतत् और समावेशी विकास** के माध्यम से नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-development-schemes-reviewed